दिन– शनिवार  दिनांक– 29 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. नेपाल–तिब्बत सीमा पर एक और झील टूटने की आशंका के मद्देनजर वाल्मीकिनगर गंडक बराज और सारण तटबंध की निगरानी बढ़ायी गयी।

02. प्रदेश में इक्कीस हजार आशा कार्यकर्ताओं और एक हजार एक सौ चार आशा पर्यवेक्षकों की होगी नियुक्ति।

03. राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता बिहार के सोमन राणा और झंडू कुमार को करेंगे सम्मानित।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, बेगूसराय, गोपालगंज, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

नेपाल–तिब्बत सीमा पर एक और झील टूटने की आशंका के मद्देनजर राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट है। गंडक नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने वाल्मीकिनगर गंडक बराज और सारण तटबंध सहित सभी महत्वपूर्ण तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और हर आधे घंटे पर गंडक के डिस्चार्ज की जानकारी ली जा रही है। संभावित खतरे से निपटने के लिए वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी छत्तीस फाटक खोल दिए गए हैं। कल रात बराज से लगभग एक लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। इधर, जल संसाधन विभाग ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुये गोपालगंज जिले में हाई अलर्ट जारी किया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––साउंड बाईट–––

गोपालगंज में अभी गंडक नदी खतरे के निशान से छब्बीस सेंटीमीटर नीचे बह रही है। लेकिन नेपाल के रास्ते गंडक नदी बेसिन में भारी मात्रा में पानी आने की आशंका को देखते हुये जल संसाधन विभाग के अभियंताओं, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नदी के अप स्ट्रीम में जलस्तर की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति ने निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश तिवारी।

इधर, सुपौल के भीमनगर वीरपुर कोसी बराज पर भी निगरानी बढ़ा दी गयी है। बराज के छप्पन में से सत्रह फाटक खोल दिये गये हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार नदी का पूर्वी और पश्चिमी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है।

---

नेपाल में आई बाढ़ के बीच काठमांडू में फंसे महाराष्ट्र के एक सौ छह तीर्थयात्रियों को सुरक्षित सीतामढ़ी लाया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———साउंड बाईट———

महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के सहयोग से सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी एक सौ छह तीर्थयात्रियों को नेपाल सीमा से सुरक्षित निकाला। जिला प्रशासन की टीम तीर्थयात्रियों को एस्कॉर्ट करते हुए सीतामढ़ी लायी। इस दौरान उनके लिए भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। सभी तीर्थयात्रियों को आवश्यक सहयोग और सुरक्षा उपलब्ध कराते हुए महाराष्ट्र के लिए रवाना किया जा रहा है। सुरक्षित वापसी पर तीर्थयात्रियों ने बिहार सरकार और सीतामढ़ी जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

---

नेपाल और तिब्बत में विनाशकारी बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर पांच सौ उनासी हो गई है। एक हज़ार नौ सौ चौबीस लोग लापता हैं। अब तक पांच सौ उनासी शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि एक सौ एक घायल लोगों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है। लापता लोगों में पनबिजली परियोजनाओं से जुड़े लोग, विदेशी नागरिक, आम नागरिक और सुरक्षा तथा सरकारी कर्मी शामिल हैं। इस बीच, भारत ने बाढ़ प्रभावित नेपाल को मानवीय सहायता तेज कर दी है। मानवीय सहायता सामग्री के साथ तीसरा विमान कल शाम काठमांडू पहुंचा। सहायता सामग्री में पोर्टेबल जनरेटर, खाद्य सामाग्री और जल शोधन की गोलियां शामिल हैं।

---

प्रदेश में जल्द ही इक्कीस हजार आशा कार्यकर्ताओं की बहाली की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को दो महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। इनमें चौदह हजार चार सौ नौ आशा कार्यकर्ताओं की ग्रामीण क्षेत्रों में, जबकि सात हजार दो सौ नवासी की शहरी क्षेत्रों में नियुक्ति होगी। विभाग ने सभी जिलों को रिक्तियों का विवरण भी भेज दिया है। इसके अलावा एक हजार एक सौ चार आशा फैसिलिटेटर, यानी पर्यवेक्षकों की भी बहाली की जाएगी।

---

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के लिए दवा, चिकित्सा उपकरण, डस्टबिन और अन्य सामग्रियों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच होगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत के निर्देश पर विभाग के विशेष सचिव डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच समिति को खरीद प्रक्रिया में हुई कथित गड़बड़ियों से जुड़े सभी आरोपों की जांच कर जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

---

प्रदेश में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा, टीआरई फोर में संगीत शिक्षकों के पदों में बढ़ोतरी की गयी है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि वर्ग नौ से दस

के लिए संगीत विषय में एक सौ ग्यारह अतिरिक्त पद जोड़े गए हैं। इन पदों के शामिल होने के बाद टीआरई फोर के तहत कुल रिक्तियों की संख्या बढ़कर तैंतीस हजार तीन सौ पचासी हो गई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग जल्द ही इस संबंध में संशोधित अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजेगा।

———————————————————

प्रदेश में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब छोटे भूखंडों पर संचालित शैक्षणिक संस्थानों को लाभ नहीं मिलेगा। शिक्षा विभाग ने योजना के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थानों के लिए कम–से–कम पांच एकड़ और शहरी क्षेत्रों में ढाई एकड़ जमीन अनिवार्य की गई है। पटना में यह मानक दो एकड़ रखा गया है।

———————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने यूजीसी नेट जून दो हजार छब्बीस का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अपना स्कोरकार्ड एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। एनटीए ने जून सत्र में चौरासी विषयों के परिणाम घोषित किए हैं। हालांकि, अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों के परिणाम फिलहाल जारी नहीं किए गए हैं। इन तीन विषयों की परीक्षा नौ और दस सितंबर को दोबारा आयोजित की जाएगी।

———————————————————

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। यह दिवस हर वर्ष उनतीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के प्रतिभाशाली पैरा खिलाड़ी सोमन राणा और झंडू कुमार को सम्मानित करेंगे। सोमन राणा ने राष्ट्रमंडल खेल में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक और झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। सोमन राणा को तीस लाख और झंडू कुमार को पन्द्रह लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इन दोनों खिलाड़ियों को सरकार की मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत सरकारी नियुक्ति भी प्रदान की जाएगी।

———————————————————

बिहार गीत के रचयिता और प्रख्यात कवि–गीतकार सत्यनारायण का पटना में निधन हो गया। वे बानवे वर्ष के थे। उनके निधन से बिहार के साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर है। एक श्रद्धांजलि...

———साउंड बाईट———

वर्ष 2012 में बिहार के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रचा गया कवि सत्य नारायण का 'बिहार गीत' प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। उन्होंने नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलगीत की भी रचना की थी। वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन के दौरान नुक्कड़ कविता पाठ के जरिए भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कवि सत्यनारायण के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 'बिहार गीत' के अमर रचनाकार ने अपनी साहित्यिक साधना और कालजयी रचनाओं के माध्यम से बिहार की माटी, संस्कृति और गौरव को स्वर और शब्द प्रदान किए। कवि सत्यनारायण अंतिम संस्कार आज पटना के बांस घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। समाचार कक्ष से संजय सिंह।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह और बिहार प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे श्रीकांत शास्त्री को पशुपालन निदेशक और नितिन कुमार सिंह को माध्यमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया है। पशुपालन निदेशक उज्जवल कुमार सिंह को ग्रामीण विकास विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, विवेक रंजन मैत्रेय को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अपर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

---

डाक विभाग ने बिहार समेत देशभर के सभी शाखा डाकघरों को पूरी तरह पेपरलेस बनाने का फैसला किया है। इसके तहत राज्य के आठ हजार से अधिक शाखा डाकघर पेपरलेस हो जाएंगे। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद ग्रामीण डाक सेवकों को मैनुअल रजिस्टर और कागजी रिकॉर्ड रखने की जरूरत नहीं होगी।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर के विकास, सौंदर्यीकरण और निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने तीन हजार वर्ग फीट क्षेत्र में प्रस्तावित प्रिंटिंग प्रेस के नक्शे को जल्द तैयार कर सभी आवश्यक अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

---

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना जतायी है। बांका, बेगूसराय, गोपालगंज, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

---साउंड बाइट---

---

किशनगंज जिले के सुखानी थाना क्षेत्र के सबोद डांगी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों में एक चिकित्सक भी शामिल है।

---

भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के दखलीटोला स्थित बिहुला धार में डूबने से तीन बहनों की मौत हो गई।

---

मधुबनी जिले की एक अदालत में हत्या के लगभग पन्द्रह वर्ष पुराने एक मामले में चाचा भतीजे को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है –एक और झील फटी, बिहार सतर्क।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पुलिस अवर निरीक्षक का पी ई टी और अभिलेख सत्यापन किया गया स्थगित।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना से गयाजी जाने के लिए एक और सुगम तथा शॉर्टकट रास्ता मिला। करबिगहिया–मीठापुर फ्लाईओवर तथा मीठापुर–सिपारा एलिवेटेड पथ का सीएम ने किया लोकार्पण।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– इंडियन नर्सिंग काउंसिल की कार्रवाई, बिहार के चालीस कॉलेज की मान्यता रद्द, कहीं दो कमरों में चल रहा था कहीं शिक्षक नहीं।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं–एनटीए में दो डायरेक्टर और एक जॉइंट डायरेक्टर की नियुक्ति।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने बिहार गीत के रचयिता सत्यनारायण के निधन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नेपाल–तिब्बत सीमा पर एक और झील टूटने की आशंका के मद्देनजर वाल्मीकिनगर गंडक बराज और सारण तटबंध की निगरानी बढ़ायी गयी।

02. प्रदेश में इक्कीस हजार आशा कार्यकर्ताओं और एक हजार एक सौ चार आशा पर्यवेक्षकों की होगी नियुक्ति।

03. राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता बिहार के सोमन राणा और झंडू कुमार को करेंगे सम्मानित।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, बेगूसराय, गोपालगंज, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।